# फर्जी रजिस्ट्री मामले में क्रेता-विक्रेताओं को दूसरी बार नोटिस जारी

## अथाईखेड़ा में स्थित है करोड़ों भूमि, भूमि पर हाईकोर्ट के स्थगन आदेश, फिर भी हुई रजिस्ट्री, कलेक्टर ने लिया संज्ञान

नवभारत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर तहसील अंतर्गत अथाईखेड़ा में करोड़ों की कृषि भूमि के फर्जी रजिस्ट्री के मामले में क्रेता-विक्रेता समेत सेवा प्रदाता व उप पंजीयक को नोटिस जारी किये गये। क्रेता-विक्रेता ने नोटिस का जबाव नहीं दिया, जिससे उन्हें पुनः नोटिस दिये गये। वहीं सेवा प्रदाता व उप पंजीयक ने अपने-अपने जबाव प्रस्तुत किये।

दरअसल दो अलग-अलग दस्तावेज के पंजीयन हुये हैं और दोनों ही भाई हैं। अपने पिता को अथाईखेड़ा में हुये भूमि पट्टे के बाद सालों से ऐसे ही पड़ी कृषि भूमि पर गिद्ध सी नजर के बाद लार टपकाये सौदागारों ने जुगाड लगाकर अशोकनगर में उक्त भूमि की फर्जी रजिस्ट्री करा ली थी। इसमें दो रजिस्ट्रयां हुईं। पहली रामजीलाल की दूसरी कंछेदीलाल कुशवाह द्वारा होना बताया। दस्तावेजों के अनुसार रामजीलाल कुशवाह ने स्वयं सेवा प्रदाता के यहां उपस्थित होकर भूमि पंजीयन कराया, जबकि कंछेदीलाल कुशवाह के हिस्से की कृषि भूमि की रजिस्ट्री राजस्थान के अलवर निवासी गुरूदयाल यादव के नाम पावर ऑफ अटार्नी के द्वारा रजिस्ट्री हुई है। इस मामले में मजे की बात यह है कि एक रजिस्ट्री में एक क्रेता भोपाल का तो दूसरा अशोकनगर का है। इसी तरह दूसरी रजिस्ट्री में दोनों अशोकनगर के बताये गये हैं।




### नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था मामलाः

दरअसल ग्राम अथाईखेड़ा स्थित सर्वे नंबर 259/1, 361, 713, 773 एवं 929/1 के मूल भू-स्वामी कंछेदीलाल कुशवाह द्वारा जमीन की फर्जी तरीके रजिस्ट्री हो जाने की शिकायत लिखित कलेक्टर साकेत मालवीय से की थी। तो वहीं शिकायत के बाद नवभारत ने इस खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसके पर सज्ञान कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए जिला पंजीयक शैलेंद्र सिंह चौहान को इसकी जांच सौंपी है। इसके बाद जिला पंजीयक द्वारा उप पंजीयक, सेवा प्रदाता, पावर ऑफ अटॉर्नी, क्रेता और विक्रेताओं को नोटिस जारी किए गए, लेकिन नोटिस मिलने के बाद भी उक्त क्रेताओं द्वारा इन नोटिसो का कोई जबाब नहीं दिया गया। जिसके चलते शुक्रवार को जिला पंजीयक द्वारा दूसरी बार क्रेता और विक्रेताओं को नोटिस जारी किये है।

**नवभारत लगातार**



अशोक नगर
जमीन के सौदागारों का कमालः दूसरे राज्य के व्यक्ति को पावर ऑफ अटार्नी बताकर करा ली करोड़ो की भूमि की रजिस्ट्री
विक्रय भूमि पर हाईकोर्ट का स्थगन, भूमि स्वामी ने जमीन के लिए लगाई कलेक्टर से गुहार

सेवा प्रदाता की भूमिका संदिग्ध, तो होगी कार्रवाई
मामला फर्जी तरीके से की गई रजिस्ट्री का, ग्राम अथाईखेड़ा में स्थित है करोड़ो की कृषि भूमि

अशोक नगर
सौदागारों ने सांठगांठ कर खेला नाबालिग से बालिग का खेल
पहली रजिस्ट्री में अमित, तो दूसरी में रूपाली जारीकर्ता, जांच हुई तो सेवा प्रदाता पर गिर सकती है गाज

### कार खरीदने के बहाने पहुंचे थे खरीदारः

जमीन मालिक कंछेदीलाल का दावा है कि उसने रजिस्ट्री की ही नहीं यदि शासन चाहे तो उसके फोन रिकॉर्ड और रजिस्ट्री दिनांक की फोन लोकेशन निकलवा सकता है। कंछेदीलाल का कहना है कि उसने एक इंच भी भूमि का विक्रय नहीं किया। करोड़ों रूपयों की इस फर्जी भूमि के विक्रय होने की जानकारी लगने पर भूमिधारक कंछेदी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर साकेत मालवीय से शिकायत कर की थी और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के दौरान उसने बताया कि जमीन के सौदागार अपने साथियों के साथ उसके गांव पहुंचे और पुरानी कार खरीदने की बात कहने लगे और उसके फोटो और आधार कार्ड ले लिये।

### जिस भूमि की हुई रजिस्ट्री उस पर है होईकोर्ट का स्थगनः

जिस कृषि भूमि की फर्जी रजिस्ट्री की गई है उक्त भूमि पर 2016 से स्थगन आदेश है। जिस भूमि पर हाईकोर्ट का स्थगन आदेश है वह भूमि वादग्रस्त है। इस वादग्रस्त भूमि पर कंछेदीलाल बगैरा ने कलेक्टर व आयुक्त ग्वालियर के अहस्तांतरणीय को हस्तांतरणीय करने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसमें कलेक्टर न्यायालय ने 25/04/2015 को को अपील निरस्त की गई। आयुक्त ग्वालियर ने भी 25/01/2016 को कलेक्टर के आदेश को यथावत रखा। इसके बाद कंछेदीलाल कुशवाह ने राजस्व मण्डल ग्वालियर में निगरानी क्रं./483/2016 प्रस्तुत की गई। राजस्व मण्डल ग्वालियर ने निगरानी को स्वीकार करते हुये 20/05/2016 के कलेक्टर व आयुक्त ग्वालियर के आदेशों को निरस्त कर वादग्रस्त भूमि को आवेदकों के नाम के सामने अंकित अहस्तांतरणीय शब्द राजस्व अभिलेख खसरे से विलोपित किये जाने का आदेश पारित किया गया। तो वहीं राजस्व मंडल के उक्त आदेश के विरूद्ध सुगनचंद जैन निवासी अथाईखेड़ा ने हाईकोर्ट खण्डपीठ ग्वालियर में रिट पिटीशन क्रमांक /6304/2016 प्रस्तुत की गई, जिस पर हाईकोर्ट ने 9/9/2016 को आदेश पारित होने के बाद उक्त भूमि की यथा स्थिति बनाए रखी जाना थी। प्रकरण आज दिनांक तक यथा स्थिति में हाईकोर्ट में लंबित है।

**इनका कहना है।**

*अथाईखेड़ा की रजिस्ट्री के मामले में कलेक्टर सर के यहां प्रतिवेदन आया था, जिसके बाद नोटिस जारी किये गये थे, जिसमें सेवा प्रदात्ता और उप पंजीयक ने अपने जबाब दे दिये है, लेकिन क्रेता-विक्रेता नहीं आये, जिसके चलते फिर से उन्हें नोटिस जारी किये गये है।*

**शैलेंद्र सिंह चौहान,**
**जिला पंजीयक अशोकनगर**

### आगजनी की घटना करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पिपरई थाना अंतर्गत ग्राम ईमलिया आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दरअसल शुक्रवार को चंदा बाई पत्नि रामपाल आदिवासी निवासी ग्राम ईमलिया रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि गुरूवार को प्रातः लगभग 3 बजे ग्राम के ही मांगीलाल आदिवासी द्वारा पुरानी रंजिश के चलते उसके घर के बने टपरे में आग लगा दी गई। उक्त आगजनी की घटना में फरियादिया का घरेलू सामान, अनाज एवं लगभग 40,000 रूपये जलकर नष्ट हो गई। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना पिपरई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी पिपरई द्वारा त्वरित पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी मांगीलाल आदिवासी पिता काशीराम आदिवासी निवासी ग्राम ईमलिया को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक छगन सिंह, प्रधान आरक्षक योगेन्द्र जाट, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह लोधी की सराहनीय भूमिका रही है।

### अशोकनगर पुलिस सीसीटीएनएस रैंकिंग में प्रदेश में अव्वल

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी माह मार्च 2026 की सीसीटीएनएस रैंकिंग में जिला अशोकनगर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार पुनः पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि जिला अशोकनगर विगत तीन माह से लगातार इस रैंकिंग में शीर्ष स्थान बनाए हुए है। यह उपलब्धि पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व, प्रभावी मॉनिटरिंग एवं सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। यह उपलब्धि केवल विभागीय कार्यकुशलता का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों को प्रदान की जा रही सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित पुलिस सेवाओं का प्रमाण है। पुलिस द्वारा तकनीक के प्रभावी उपयोग से पारंपरिक पुलिसिंग की सीमाओं को समाप्त कर सेवाओं को आमजन के मोबाइल तक पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए थे कि थाना स्तर पर पंजीबद्ध अपराधों, विवेचना, आरोपियों, गवाहों, जब्ती, निराकरण एवं अन्य विधिक कार्यवाहियों से संबंधित सभी जानकारी सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में उपयुक्त, शुद्ध एवं तथ्यात्मक रूप से एवं समय पर दर्ज की जाए। साथ ही डाटा क्वालिटी एवं डाटा क्वांटिटी के मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष रूप से जोर दिया गया।

### आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय परिवर्तित

**अशोकनगर।** जिले में अत्याधिक गर्मी तापमान अधिक होने के कारण आंगनवाडी केन्द्र के के समय में परिवर्तन किया गया है। जो अब प्रातः 8 बजे से नियत किया गया है।

## एक नजर में

### CMO ने ली कर्मचारियों की बैठक

**शाढ़ौरा।** भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, जनगणना 2027 के प्रथम चरण च्मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणनाज्ज् के लिए स्व-गणना जानकारी की सुविधा शुरू की जा चुकी है। इसके तहत जिले के नागरिक अब स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। इसी को लेकर आज ष्टस्ह्र पठान ने नगर परिषद कर्मचारियों की बैठक ली, ष्टस्ह्र शमशाद पठान ने बताया की जनगणना 2027 के अंतर्गत यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल, तेज और सुरक्षित है, जिसका उद्देश्य सटीक डेटा एकत्र करना है। यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उपयंत्री आजाद जैन ने कहा इसका उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को तेज़, सटीक और पारदर्शी बनाना है नागरिक पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।,यह प्रक्रिया घर बैठे ही जानकारी भरने की सुविधा देती है,इस अबसर पर नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहोर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शमशाद पठान, उपयंत्रि आजाद जैन एवं समस्त कर्मचारि मौजूद रहे।

### भव्यता के साथ मनाया जाएगा सेवा सप्ताह

**अशोकनगर।** आगामी 8 से 14 मई तक रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत होने वाले समाज सेवा के कार्य बड़ी भव्यता के साथ किए जाएंगे। शुक्रवार को स्थानीय कलेक्ट्रेट में रेडक्रॉस सोसाइटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय, रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश सचिव रामेंद्र सिंह, चेयरमैन डॉ जय मंडल सिंह यादव, उप-सभापति राजीव जाट, प्रदेश प्रतिनिधि अनुराधा यादव, कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, प्रदेश सचिव डॉक्टर दीपक मिश्रा, डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा उपस्थित थे। इस दौरान समिति के पिछले कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यों की रूपरेखा तय की गई। सोसाइटी द्वारा 28 अप्रैल को स्थानीय रघुवंशी धर्मशाला में स्वास्थ्य शिविर लगाया जावेगा जिस पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा मई माह में सेवा सप्ताह के दौरान 7 दिनों तक मानव सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके तहत कुपोषण विकलांग अनाथों की सेवा यातायात, रक्तदान कैंप, स्वास्थ्य सेवा शिविर, सेवा बस्तियों में सेवा कार्य करने की योजना पर विचार किया गया। एवं भव्यता पूर्वक सेवा सप्ताह मनाने पर जोर दिया गया।

# बिजली उपभोक्ता बोले : नहीं चाहिए, नहीं चाहिए स्मार्ट मीटर

## स्मार्ट मीटर लगाने पर जमकर हुआ बवाल, गुस्साए लोगों ने विद्युत कर्मियों को घेरा, कलेक्टर के यहां की शिकायत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। शहर में स्मार्ट मीटर का विरोध देखने को मिला, जहां रहवासियों ने विद्युत कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें घेर लिया और पुराने मीटर लगाने की बात कहीं।**

तो वहीं काफी देर तक हंगामा चलता रहा, इसके बाद पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइस दी, जिसके बाद लोग एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने एक आवेदन देते हुए स्मार्ट मीटर का विरोध जताते हुए पुराने मीटर लगाने की बात कहीं। दरअसल वार्ड क्रमांक 16 आरोन पर विद्युत मंडल द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे, जब लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध किया, तो विद्युत कर्मियों और कंपनी के कर्मचारियों ने उन्हें बिजली काटने, एफआईआर कराने और पुलिस की धमकी दी, जिसके बाद यह विरोध ने जोर पकड़ लिया। देखते ही देखते लोगों को हुजूम एकत्रित हो गया। जिसके बाद मौके पर समझाइस देने के लिए पहुंचे जेई को महिलाओं ने घेर लिया और उन्हें उनकी गाड़ी से उतारकर अपने पास बैठा लिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे शहर के एई ने लोगों को समझाइस दी, लेकिन यह समझाइस भी नाकाम रहीं और विरोध बड़ गया। इसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा और लोगों को समझाइस देते हुए अपनी बात वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कहीं। जिसके बाद लोगों को गुस्सा शांत हुआ और वह कलेक्ट्रेट पहुंचे।



### उपभोक्ताओं ने कहा लगाए जाएं पुराने मीटर

आरोन रोड़ वार्ड क्रमांक 16 में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान जहां उपभोक्ताओं द्वारा बिना जानकारी के स्मार्ट मीटर लगाए जाने की बात कहीं गई। तो वहीं उनके द्वारा स्मार्ट मीटरों को जमकर विरोध किया गया और नारेबाजी करते हुए दौहराया गया कि नहीं चाहिए, नहीं चाहिए स्मार्ट मीटर, हमे तो बस अपना पुराना मीटर चाहिए, यह कहते हुए नारेबाजी की गई। इस दौरान विद्युत कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच जमकर बहसबाजी होती देखी गई। जिसके फलस्वरूप कंपनी के कर्मचारी कुछ मीटर लगाकर ही वापस लौटना पड़ा।

### गुस्साए लोगों ने विद्युत कर्मियों को घेराः

आरोन रोड़ पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के दौरान कंपनी के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं से अभद्रता करते हुए कनेक्शन काटने और उन पर एफआईआर दर्ज कराने की बात कहीं। जिस पर लोगों में गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने स्मार्ट मीटर का विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान लोगों ने विद्युत मंडल के कर्मचारी अभिमन्यू पर कई प्रकार के आरोप लगाए। तो वहीं स्मार्ट मीटर का विरोध की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे विद्युत कंपनी जेई उज्जवल बारंगे पहुंचे, जिन्हें गुस्साए लोगों ने घेर लिया और उन्हें उनकी गाड़ी से उतारकर अपने पास कुर्सी पर बैठा लिया। इसके बाद शहर के एई नवीन यादव और कमल सिंह सोलंकी पहुंचे, लेकिन वह भी गुस्साएं लोगों को समझाने में असमर्थ रहे।

### विरोध के बाद लौटे कर्मचारीः

वार्ड क्रमांक 16 में उठे स्मार्ट मीटर के विरोध के चलते विद्युम मंडल के कर्मचारी और स्मार्ट मीटर लगा रहे कंपनी के कर्मचारी कुछ मीटर लगाने के बाद विरोध होने के कारण लौटे। इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि उनकी बिना जानकारी के उनके घरों के आगे स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे। वहीं जब उनसे आदेश सहित अन्य जानकारी मांगी गई, तो वह दे नहीं पाये, तो वहीं संतुष्टीकरण जबाब न मिलने की बजह से उपस्थित लोगों ने जमकर विरोध किया। वहीं उन्होंने कहा पहले शहर की पोश कालोनियों में लगाएं स्मार्ट मीटर उसके बाद इस क्षेत्र में लगाए तो वह खुशी-खुशी लगवा लेंगे।

**इनका कहना है।**

*स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी है, जिसके चलते उन्होंने इसका विरोध किया। उन्हें समझाइस दी गई लेकिन वह नहीं माने, जिसके चलते कंपनी ने मीटर लगाने का कार्य फिलहाल के लिए रोक दिया है।*

**नवीन यादव, एई**
**विद्युत मंडल अशोकनगर।**

# भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं की सत्ता में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से महिला शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को संसद के दोनों सदनों से पारित कर लागू करने हेतु लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी पार्टियों द्वारा इस महिला सशक्तिकरण अधिनियम के विरोध में मतदान किए जाने से देशभर की महिलाओं में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में अशोकनगर जिले में महिलाओं के नेतृत्व में शुक्रवार को स्थानीय तुलसी पार्क पर नारी जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी की समस्त मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं हाथों में तख्तियां लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। रैली का समापन स्थानीय गांधी पार्क पर हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वरी सक्सेना, भाजपा जिला महामंत्री, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, अनीता जैन, नपा उपाध्यक्ष रानी मनोज शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# दुकान पर सामान लेने गई 7 वर्षीय बालिका से छेड़छाड़

**पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में**

**थाने में कराई परेड, भेजा गया जेल**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** चंदेरी थाना अंतर्गत एक 7 वर्षीय बालिका से उसके गांव के एक युवक द्वारा छेड़छाड़ किये जाने का सनसनी खेज मामला सामने आया है। छेड़खानी का मामला सामने आने के बाद जहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। तो वहीं उसकी जमकर मरम्मत की गई है।



दरअसल शुक्रवार को थाना चंदेरी पर ग्राम जारसल निवासी नाबालिग बालिका अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची, जहां उसने बताया कि गुरूवार को सायं लगभग 7 बजे वह गांव की दुकान पर सामान लेने गई थी। इसी दौरान ग्राम के ही खलक आदिवासी पुत्र मनका आदिवासी द्वारा उसे गलत नियत से पकड़कर छेड़छाड़ की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना चंदेरी में अपराध क्रमांक 226/2026 धारा 75 बीएनएस एवं धारा 9(एम)/10 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी चन्देरी निरीक्षक प्रशांत यादव को उक्त प्रकरण में त्वरित प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्वाही करते हुये प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी खलक आदिवासी पुत्र मनका आदिवासी उम्र 35 साल निवासी ग्राम ग्राम जारसल थाना चन्देरी को रामनगर तिराहा, चंदेरी से गिरफ्तार किया गया है।

**कार्यक्रम** | **कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया सामूहिक रूप से योग**

# कलेक्टर सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने किया योग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार आनंद विभाग के तत्वायधान में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामूहिक योग कार्यक्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से योग किया गया।



इस अवसर पर कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग को अपने जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बनायें। जिससे जीवन में निरंतर योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन मनुष्य की सबसे बड़ी पूँजी है। स्वस्थ रहने के लिए योग आवश्यक है। पहला सुख निरोगी काया है. योग शरीर मन और आत्मा की एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर रखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेड पौधों पर पानी के सकोरे टांगे। इन सकोरे के माध्यझम से पक्षी अपनी प्यास बुझा सकेगें।

# मुनिश्री के हाथों से आज सैकड़ों भक्त लगवाएंगे गंधोदक, एक छत के नीचे समाज के सभी पुजारी करेंगे शांतिधारा

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** इस बार में अशोकनगर जिले के चक्कर लगा रहा हु, मैने सोचा था कि चातुर्मास के बाद कही और चला जाऊंगा, मगर पूरे में घूम फिर कर बापिस अशोकनगर जिले में ही आ गया, यह मुंगावली का वालो का पुण्य है जो मुझे यहां ले आई ओर जबतक उनका पुण्य हैं में यहां से उठने वाला नहीं, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज हमारे संस्कार ही हमारी पहचान है जब के प्रतियोगिता में राजा ने सभी को बंदी बनाने के आदेश दिए तो वहीं एक उनमें ऐसा भी था कि जिसमें अपने संस्कारों से राजा दिल का जीत ओर राजा से इनाम पाया, उक्त बात नगर में विराजमान मुनिश्री सुधा सागर महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए संत निवास में कही। वही मुनि श्री ने सुबह नगर में बनने वाले विद्या सौम्य विद्यालय की जगह का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश कमेटी को दिए ओर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही गई । वही मुनि श्री ने सुबह नगर में बनने वाले विद्या सौम्य विद्यालय की जगह का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश कमेटी को दिए ओर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही गई। शनिवार को सुबह मुनिश्री सुधा सागर महाराज संसघ के परम सानिध्य में विशेष शांतिधारा का आयोजन नगर के संत निवास में आयोजित किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में नगर के समस्त जिनालयों के पुजारी शामिल होगे जो मुनि श्री के हाथों से गंधोदक लगवाएंगे,मुनि श्री ने इस कार्यक्रम की घोषणा अपने मंगल प्रवचन में की है।

